कक्षा 5 व्याकरण पाठ 2

प्रश्नों के उत्तर लिखिए

(क) स्वर की परिभाषा लिखिए। यह संख्या में कितने होते हैं?

उत्तर-जिन वर्णों का उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है अर्थात जिनके उच्चारण में किसी दूसरे वर्ण की सहायता नहीं लेनी पड़ती उन्हें स्वर् कहते हैं। इनकी संख्या 11 होती है।

(ख) अनुस्वार और अनुनासिक में उदाहरण सहित अंतर बताइए?

उत्तर अनुस्वार-इसका उच्चारण करते समय हवा केवल नाक से निकलती है और इसे बिंदु के रूप में लिखा जाता है जैसे गंगा, जंगल आदि।

अनुनासिक-इसका उच्चारण करते समय हवा मुंह और नाक दोनों से निकलती है। इसे चंद्रबिंदु के रूप में लिखा जाता है जैसेचॉद,सॉप आदि।

(ग) द्वित्व व्यंजनों से बने कोई 4 शब्द लिखिए।

उत्तर-पक्का, सच्चा ,खच्चर ,धक्का।

(प्रश्न २) खाली स्थानों की पूर्ति कीजिए

(क) स्पर्श व्यंजन संख्या में 25हैं।

(ख) अ,इ,उ,तथा ऋ ह्रस्व स्वर हैं।

(ग) किसी शब्द के वर्णो  को अलग करना वर्ण विच्छेद कहलाता है।

(घ) दो अलग-अलग वर्णों के मेल से बने अक्षर संयुक्ताक्षर कहलाते हैं।

(ङ) स्पर्श व्यंजन को 5 वर्गों में बांटा गया है।

(प्रश्न ३) उचित विकल्प पर सही का निशान लगाओ।

(क) भाषा की सबसे छोटी ध्वनि को कहते हैं।

[ वर्ण]✓

(ख) विद्यार्थी शब्द में कुल कितनी ध्वनियॉ है।

[आठ]✓

(ग) कौन सा वर्ड अंतःस्थ व्यंजन है?

[र]✓

(घ) हिंदी वर्णमाला में कुल कितने वर्ण हैं

[52]✓

(ङ) संयुक्त व्यंजन से बना शब्द कौन सा है?

[त्रिशूल]✓